## CATEGORY - IV

### PART - 3

### Hindi

### Question Numbers 71 to 150

71. रामचरितमानस के प्रथम चार कांडों का सही क्रम है :
   (A) सुंदरकांड, किष्किंधाकांड, अयोध्याकांड, बालकांड
   (B) बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड
   (C) अयोध्याकांड, बालकांड, लंकाकांड, सुंदरकांड
   (D) बालकांड, सुंदरकांड, अयोध्याकांड, लंकाकांड

72. 'तीन ही तो रुपए हैं; दे दोगे तो कम्मल कहाँ से आवेगा ?' –'पूस की रात' कहानी का यह अंश किसने किससे कहा ?
   (A) मुन्नी ने हल्कू से
   (B) हल्कू ने मुन्नी से
   (C) मुन्नी ने सहना से
   (D) हल्कू ने सहना से

73. सूरदास रचित 'सूरसागर' की भाषा है :
   (A) अवधी
   (B) राजस्थानी
   (C) ब्रजभाषा
   (D) खड़ीबोली

74. ब्रजभाषा की रचना इनमें कौन–सी है ?
   (A) रामचरितमानस
   (B) बिहारी सतसई
   (C) पद्मावत
   (D) मृगावती

75. पुल्लिंग शब्द कौन–सा है ?
   (A) भीड़
   (B) बचपन
   (C) उड़ान
   (D) चिड़िया

76. व्याकरणिक दृष्टि से सही प्रयोग क्या है ?
   (A) मैंने तस्वीर खरीदा
   (B) मैं तस्वीर खरीदा
   (C) मैं तस्वीर खरीदी
   (D) मैंने तस्वीर खरीदी

77. विशेषण का सही रूप कौन–सा है ?
   (A) अच्छी हवा से
   (B) अच्छे हवे से
   (C) अच्छा हवा से
   (D) अच्छी हवों से

78. अज्ञेय की किस कविता में व्यक्ति, समाज और परंपरा के आपसी संबंध को दर्शाया गया है ?
   (A) कलगी बाजरे की
   (B) असाध्य वीणा
   (C) नदी के द्वीप
   (D) हरी घास पर क्षण भर

79. 'उससे बहुत सबेरे उठा नहीं जाता' – यह वाक्य किसका उदाहरण है ?
   (A) भाववाच्य का
   (B) कर्मवाच्य का
   (C) कर्तृवाच्य का
   (D) इनमें से कोई नहीं

80. विशेषण रूप कौन–सा है ?
   (A) नरमी
   (B) नरम
   (C) नरमाई
   (D) नरमा

81. इनमें कौन-सी जयशंकर प्रसाद की रचना नहीं है?
(A) आँसू
(B) गीतिका
(C) झरना
(D) लहर

82. कालक्रम की दृष्टि से 'द्विवेदी युग' की गणना कब की जाती है?
(A) रीतिकाल के पहले
(B) भारतेंदु युग के बाद
(C) छायावादी युग के बाद
(D) भक्तिकाल के पहले

83. भूतकालिक क्रिया का सही प्रयोग किस वाक्य में है?
(A) हम अपने दोस्तों से मिले।
(B) हमने अपने दोस्तों से मिले।
(C) हमने अपने दोस्तों से मिला।
(D) हम अपने दोस्तों से मिला।

84. 'खाक छानना' – मुहावरे का अर्थ क्या है?
(A) खेती करना
(B) पैसा इकट्ठा करना
(C) बचे रहना
(D) भटकना

85. 'एक तंदुरुस्ती हज़ार नियामत' – इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(A) धन से नीरोगता अच्छी है।
(B) दो बलवान एक स्थान पर नहीं रहते।
(C) एक बलवान हज़ारों के बराबर।
(D) वस्तु थोड़ी हो और माँग अधिक हो।

86. विरह में पीड़ित नायिका का वर्णन किस कविता में है?
(A) जूही की कली
(B) रानी और कानी
(C) तोड़ती पत्थर
(D) कुकुरमुत्ता

87. 'मैं रेलगाड़ी से दिल्ली गया।' – यहाँ 'रेलगाड़ी से' में प्रयुक्त कारक क्या है?
(A) संप्रदान कारक
(B) करण कारक
(C) अधिकरण कारक
(D) अपादान कारक

88. 'निर्मला' उपन्यास में निर्मला का पति कौन है?
(A) जियाराम
(B) तोताराम
(C) सियाराम
(D) मंसाराम

89. 'आपका बंटी' उपन्यास में 'बंटी' किसका किरदार है?
(A) एक बच्चे का
(B) एक नौकर का
(C) एक किसान का
(D) एक अफ़सर का

90. प्रगतिवादी काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्ति क्या है?
(A) व्यक्तिवादी चेतना का चित्रण
(B) सामाजिक चेतना का चित्रण
(C) प्रकृति सौंदर्य का चित्रण
(D) आध्यात्मिक चेतना का चित्रण

91. विवाह विच्छेद की त्रासदी में पिसनेवाले बच्चे का चित्रण करनेवाला उपन्यास है :
(A) एक इंच मुस्कान
(B) आपका बंटी
(C) महाभोज
(D) इनमें से कोई नहीं

92. 'Payment' के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द इनमें क्या है?
(A) वेतन-मान
(B) वेतन-पर्ची
(C) धन संबंधी
(D) भुगतान

93. 'प्रत्यक्ष' शब्द किस प्रकार बना है ?
(A) प्र: + अक्ष
(B) प्रत्य + अक्ष
(C) प्रति + अक्ष
(D) प्र + अक्ष

94. उच्चारण स्थान के अनुसार 'तालव्य' व्यंजन कौन-सा है ?
(A) ट
(B) द
(C) ब
(D) झ

95. मोहन राकेश का नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' का पात्र इनमें कौन है ?
(A) विलोम
(B) गौतम बुद्ध
(C) नंद
(D) इनमें से कोई नहीं

96. 'किसने तुझको अंतर्यामिनि!
बतलाया उसका आना!' –ये पंक्तियाँ किस कविता की हैं ?
(A) ग्रामश्री
(B) पर्वत प्रदेश में पावस
(C) मैं सबसे छोटी होऊँ
(D) प्रथम रश्मि

97. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश हैं ?
(A) 340
(B) 342
(C) 351
(D) 360

98. इनमें कौन-सा महादेवी वर्मा के रेखाचित्र या संस्मरण का संग्रह **नहीं** है ?
(A) मेरा जीवन प्रवाह
(B) मेरा परिवार
(C) अतीत के चलचित्र
(D) पथ के साथी

99. कुमार अंबुज मुख्य रूप से किस विधा में रचना करते हैं ?
(A) कविता
(B) यात्रावृत्त
(C) नाटक
(D) एकांकी

100. संज्ञा शब्द कौन-सा है ?
(A) प्यासा
(B) स्निग्ध
(C) पुराना
(D) इनमें से कोई नहीं

101. 'कालिदास यह सच सच बतलाना!
इंदुमती के मृत्यु शोक से
अज रोया या तुम रोए थे ?' – ये पंक्तियाँ किसकी हैं ?
(A) नागार्जुन की
(B) केदारनाथ अग्रवाल की
(C) शमशेर बहादुर सिंह की
(D) त्रिलोचन की

102. प्रयोगवाद से संबंधित कवि इनमें कौन हैं ?
(A) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) श्यामसुंदर दास
(D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

103. 'मानस सागर के तट पर,
क्यों लोल लहर की घातें,
कल कल ध्वनि से हैं कहती,
कुछ विस्मृत बीती बातें?' – ये पंक्तियाँ जयशंकर प्रसाद के किस काव्य की हैं?

(A) आँसू
(B) झरना
(C) कानन-कुसुम
(D) लहर

104. कर्मवाच्य की दृष्टि से सही प्रयोग क्या है?

(A) दरवाज़ा खोली गई
(B) दरवाज़ा खोली
(C) दरवाज़ा खोले
(D) दरवाज़ा खोला गया

105. जयशंकर प्रसाद के नाटक 'स्कंदगुप्त' के पात्रों में **नहीं** है :

(A) स्कंदगुप्त
(B) जयमाला
(C) मंदाकिनी
(D) कुमारगुप्त

106. 'घर जाने की खुशी में भी गजाधर बाबू ने एक विषाद का अनुभव किया।' – यहाँ उनके विषाद का क्या कारण था?

(A) सेवानिवृत्त होना
(B) गणेशी से बिछुड़ना
(C) दूसरे कर्मचारियों से बिछुड़ना
(D) इनमें से कोई नहीं

107. दहेज प्रथा और अनमेल विवाह पर लिखा गया उपन्यास है :

(A) गोदान
(B) गबन
(C) निर्मला
(D) कर्मभूमि

108. हरिऔध का काव्य 'प्रियप्रवास' किस युग में प्रकाशित हुआ था?

(A) भारतेंदु युग में
(B) छायावादी युग में
(C) द्विवेदी युग में
(D) इनमें से कोई नहीं

109. 'हमने काम किया।' – इस वाक्य में किस प्रकार के सर्वनाम का प्रयोग है?

(A) मध्यम पुरुष सर्वनाम
(B) निजवाचक सर्वनाम
(C) उत्तम पुरुष सर्वनाम
(D) संबंधवाचक सर्वनाम

110. यशपाल की गणना मुख्य रूप से किस कोटि में है?

(A) मनोवैज्ञानिक कथाकार
(B) आंचलिक कथाकार
(C) प्रगतिवादी कथाकार
(D) ऐतिहासिक कथाकार

111. औपचारिक रूप से देवनागरी लिपि में लिखी जानेवाली भाषा इनमें कौन-सी है?

(A) उर्दू
(B) बंगाली
(C) मराठी
(D) उड़िया

112. 'वह पढ़कर सो गया।' – इस वाक्य में 'पढ़कर' क्या है?

(A) पूर्वकालिक कृदंत
(B) पूर्ण कृदंत
(C) अपूर्ण कृदंत
(D) क्रियार्थक कृदंत

113. सकर्मक क्रिया का प्रयोग किस वाक्य में है?
(A) लड़का तेज़ी से चलता है।
(B) मिठाईवाला मिठाइयाँ बेचता है।
(C) मोर खुशी से नाचता है।
(D) फूल धीरे-धीरे खिलता है।

114. 'जाग रहा यह कौन धनुर्धर, जबकि भुवन भर सोता है' - ये पंक्तियाँ किस रचना की हैं?
(A) प्रियप्रवास की
(B) पंचवटी की
(C) रामचरितमानस की
(D) कुरुक्षेत्र की

115. 'Gazetted' के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द कौन-सा है?
(A) औपचारिक
(B) राजपत्रित
(C) राजकोषीय
(D) प्रामाणिक

116. 'आल्ह-खंड' किसकी रचना है?
(A) चंदवरदाई की
(B) नरपति नाल्ह की
(C) जगनिक की
(D) दलपति विजय की

117. विहारी सतसई में किस छंद की प्रधानता है?
(A) दोहा
(B) कवित्त
(C) सवैया
(D) पद

118. सर्वनाम का सही प्रयोग किस वाक्य में है?
(A) तीन प्रश्नों में कोई एक का उत्तर लिखें
(B) मैंने कोई गलती नहीं की
(C) उस व्यक्ति में किसी दोष नहीं
(D) उन्होंने कोई व्यक्ति पर आरोप नहीं लगाया

119. किस श्रेणी के कवियों ने ईश्वर को निराकार और अनंत माना है?
(A) निर्गुण काव्यधारा के
(B) सगुण काव्यधारा के
(C) छायावादी काव्यधारा के
(D) प्रयोगवादी काव्यधारा के

120. संबंध कारक का सही प्रयोग किस वाक्य में है?
(A) हमें बड़ों का इज़्ज़त करना चाहिए।
(B) हमें बड़ों की इज़्ज़त करनी चाहिए।
(C) हमें बड़ों के इज़्ज़त करने चाहिए।
(D) हमें बड़ों का इज़्ज़त करनी चाहिए।

121. एक शिक्षक कक्षा में संशोधन का अनुकूल वातावरण कैसे बना सकता है?
(A) रट लगाकर पढ़ने की प्रवृत्ति पर ज़ोर देकर
(B) दंड-विधान के माध्यम से
(C) खुले विचार-विनिमय और सहयोग को प्रोत्साहित करके
(D) छात्रों की प्रतिक्रियाओं को हतोत्साहित करके

122. मौनवाचन के उद्देश्यों में कौन-सा **नहीं** है?
(A) उच्चारण को शुद्ध करना
(B) वाचन की गति बढ़ाना
(C) ज्ञान का विकास करना
(D) स्वाध्याय को प्रोत्साहित करना

123. किसी भाषाई कक्षा में संशोधन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण उद्देश्य क्या है?
(A) सामूहिक वाचन करने की क्षमता बढ़ाना
(B) लिखित कार्य की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाना
(C) शिक्षकों की योग्यताओं का प्रदर्शन करना
(D) छात्रों को मूल्यांकन करके अंक देना

124. सर्वभाषा व्याकरण के संदर्भ में सही प्रस्ताव कौन-सा है ?

(A) किसी विशेष भाषा के लिए विशिष्ट नियमों का एक साँचा है।

(B) सभी मानव में जन्मजात भाषाई क्षमता है।

(C) अध्यापक द्वारा कक्षा में चलाई जानेवाली प्रक्रिया है।

(D) विभिन्न संस्कृतियों की भाषाई भिन्नता का अध्ययन है।

125. समावेशी शिक्षा किस बात को प्रमुखता देती है ?

(A) सभी छात्रों को समान सामग्री समान तरीके से पढ़ाना

(B) सभी छात्रों के अनुरूप कक्षाई प्रक्रियाओं का आयोजन करना

(C) भाषाई दक्षता को समग्र रूप से मापना

(D) शैक्षिक रूप से पिछड़े छात्रों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करना

126. एक सामाजिक ज्ञाननिर्मितवादी कक्षा में शिक्षक की मुख्य भूमिका क्या है ?

(A) छात्रों को ज्ञान और सूचना प्रदान करना

(B) सीखने के माहौल को नियंत्रित करना और अनुशासन लागू रखना

(C) छात्रों को अंत:क्रिया द्वारा अधिगम का अवसर पैदा करना

(D) मानकीकृत परीक्षणों के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का आकलन करना

127. मात्रेतर भाषा के उच्चारण के संबंध में छात्रों के सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौती इनमें क्या है ?

(A) मातृभाषा के प्रभाव से उत्पन्न अवरोध

(B) लिखित सहायक सामग्रियों की कमी

(C) पाठ्यपुस्तकों का अभाव

(D) शिक्षकों का अभाव

128. मात्रेतर भाषा हिंदी की प्राथमिक कक्षाओं में मातृभाषा की भूमिका क्या है ?

(A) मातृभाषा की भूमिका नगण्य है।

(B) एक सेतु के रूप में मातृभाषा की भूमिका है।

(C) यह मात्रेतर भाषा के अधिगम के लिए अप्रासंगिक है।

(D) केवल मातृभाषा का ही प्रयोग किया जाना चाहिए।

129. शिक्षा में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने का प्राथमिक लक्ष्य क्या है ?

(A) पारंपरिक शिक्षण विधियों को प्रतिस्थापित करना

(B) डिजिटल उपकरणों से छात्रों का मनोरंजन करना

(C) अधिगम में छात्रों की संलग्नता को बढ़ावा देना

(D) शिक्षकों का कार्यभार कम करना

130. आलोचनात्मक सोच की क्षमता के विकास में संशोधन प्रक्रिया कैसे योगदान देती है ?

(A) नियमों को याद करने पर ध्यान केंद्रित करके

(B) शिक्षक केंद्रित शिक्षण को प्रोत्साहित करके

(C) लिखित सामग्री के सक्रिय विश्लेषण और आकलन को बढ़ावा देकर

(D) आत्मचिंतन से बचने का अवसर देकर

131. जैविक वाचन का केंद्रीय सिद्धांत क्या है ?

(A) ध्वनिविज्ञान और शब्दभंडार सिखाना

(B) मानकीकृत पाठ्यपुस्तकों का उपयोग करना

(C) अमूर्त प्रतीकों और ध्वनियों से शुरुआत करना

(D) बच्चों के अपने परिचित शब्दों और अनुभवों से शुरुआत करना

132. निम्नलिखित में से कौन-सा रचनात्मक मूल्यांकन का उदाहरण है ?

(A) योगात्मक मूल्यांकन

(B) संकलनात्मक मूल्यांकन

(C) कार्याकालांत मूल्यांकन

(D) सतत मूल्यांकन

133. एक शिक्षक आख्यान को एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करना चाहता है। उसका मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) मौनवाचन करने की क्षमता का विकास करना

(B) अभ्यासों की पूर्ति करना

(C) छात्रों को पाठ्यवस्तु की ओर ले जाना

(D) व्याकरण को समझने में सक्षम बनाना

134. व्यावहारिक प्रोक्ति इनमें कौन-सी है?

(A) नाटक

(B) आत्मकथा

(C) कविता

(D) वार्तालाप

135. प्रभावी शिक्षण-अधिगम सामग्री की विशेषता क्या है?

(A) प्रासंगिक एवं प्रभावोत्पादक

(B) शिक्षार्थियों के स्तरानुकूल

(C) विभिन्न ईंद्रिय अनुभव देनेवाली

(D) उपर्युक्त सभी

136. भाषण कौशल में प्रवाहमयता का तात्पर्य है :

(A) व्याकरणिक सटीकता से बोलना

(B) स्पष्ट उच्चारण के साथ बोलना

(C) सहजता और स्वाभाविकता से बोलना

(D) शब्दभंडार का सम्यक विकास करना

137. प्राथमिक स्तर पर मात्रेतर भाषा शिक्षण किस पर ज़ोर देता है?

(A) व्याकरण अभ्यास और याद रखना

(B) मौखिक भाषा का अभ्यास

(C) शिक्षक-केंद्रित निर्देश

(D) अनुवाद और व्याकरणिक स्पष्टीकरण

138. 'मैं खत लिखा।' – इस वाक्य का संशोधित रूप क्या है?

(A) मैंने खत लिखी।

(B) मैने खत लिखा।

(C) मैं खत लिखी।

(D) मैं खत लिखा गया।

139. कक्षाई प्रक्रियाओं के दौरान अर्थग्रहण को कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है?

(A) आवश्यकतानुसार बोध प्रश्न पूछकर

(B) शैक्षणिक उपादानों के सटीक प्रयोग से

(C) आवश्यक प्रतिपुष्टि से

(D) उपर्युक्त सभी

140. शिक्षक छात्रों को उनकी पारस्परिक बुद्धिमत्ता विकसित करने में कैसे मदद कर सकते हैं?

(A) व्यक्तिगत परियोजनाएँ सौंपकर

(B) सामूहिक कार्य और सहयोग को प्रोत्साहित करके

(C) पाठ्यपुस्तकों के व्याख्यान पर ध्यान केंद्रित करके

(D) मानकीकृत परीक्षणों का उपयोग करके

141. शैक्षणिक उपादानों का प्रयोग करते समय किस बात पर ध्यान देना है?

(A) अधिगम संबंधी उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक हों

(B) अन्य शिक्षण विधियों का प्रयोग करने से बचे रहें

(C) मूर्त तथ्यों को अमूर्त बनाने में सक्षम हों

(D) इनमें से कोई नहीं

142. मौखिक दक्षता का आकलन करने के लिए सामान्य उपकरण क्या है?

(A) बहुविकल्पीय परीक्षा

(B) विवरणात्मक परीक्षा

(C) वाचिक परीक्षा

(D) निबंधात्मक परीक्षा

143. श्रुतलेख अभ्यास द्वारा किस कौशल का आकलन कर सकते हैं?

(A) वाचन कौशल का

(B) लेखन कौशल का

(C) श्रवण एवं लेखन कौशलों का

(D) भाषण कौशल का

144. कक्षा में पाठ से संबंधित विश्लेषणात्मक प्रश्न कब पूछना अधिक युक्ति संगत है?

(A) पाठ-प्रस्तावना के स्तर पर

(B) बोध प्रश्न के पहले

(C) बोध प्रश्न के बाद

(D) आख्यान के पहले

145. शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया में सतत एवं समग्र मूल्यांकन की क्या भूमिका है?

(A) एक इकाई के अंत में छात्रों के सीखने का मूल्यांकन करना

(B) छात्रों की क्षमताओं और कमजोरियों को पहचानना

(C) छात्रों की पदोन्नति करना

(D) शिक्षक की प्रभावशीलता का आकलन करना

146. कक्षा में अंत:क्रिया का अधिक अवसर इनमें किससे है?

(A) शैक्षणिक वीडियो देखना

(B) पाठ्यपुस्तक पढ़ना

(C) कक्षाई चर्चा में भाग लेना

(D) वर्कशीट को पूरा करना

147. निम्नलिखित में कौन-से सिद्धांत संशोधन प्रक्रिया के महत्व का समर्थन करते हैं?

(i) व्यवहारवाद

(ii) प्रत्यय संरचनावाद

(iii) बहुमुखी बुद्धि सिद्धांत

(A) (i) और (iii)

(B) (i) और (ii)

(C) (ii) और (iii)

(D) उपर्युक्त सभी

148. अभिव्यंजनात्मक भाषाई कौशल क्या-क्या हैं?

(A) वाचन और लेखन

(B) भाषण और लेखन

(C) श्रवण और वाचन

(D) श्रवण और लेखन

149. प्रोक्तिपरक उपागम का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

(A) व्याकरण के नियमों को स्पष्ट रूप से पढ़ाना

(B) शब्दावली को याद रखने को बढ़ावा देना

(C) प्रसंगानुसार भाषा का उपयोग करने की क्षमता विकसित करना

(D) शुद्ध उच्चारण पर ध्यान देना

150. छात्रों की सृजनात्मकता का परिचय मुख्य रूप से इनमें किससे मिलता है?

(A) अनूदित रचना से

(B) अनुकरण वाचन से

(C) मौलिक रचना से

(D) वस्तुनिष्ठ प्रश्न से

-oOo-